आज दिनांक 10.2.2025 को महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय में चल रहे 50 में स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन स्पोर्ट्स मीट का आयोजन अपने अगले चरण में पहुंचा। जिसके अंतर्गत टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ के मध्य रस्साकसी कबड्डी वालीबाल बैडमिंटन और टेबल टेनिस की प्रतियोगिताएं हुई । प्रतियोगिताओं की शुरुआत कुलसचिव श्री संजीव कुमार व सचिव क्रीड़ा परिषद श्री एस एस बेदी और प्रोफेसर आलोक श्रीवास्तव के साथ बैडमिंटन खेलकर की।

रस्साकसी, बैडमिंटन और वॉलीबॉल खेलों में टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ टीमों ने टीमवर्क का परिचय दिया। रस्साकसी की प्रतियोगिता में टीचिंग स्टाफ विजयी हुआ जबकि कबड्डी प्रतियोगिता में नॉन टीचिंग स्टाफ टीम बाजी मार ले गई। वॉलीबॉल की प्रतियोगिता में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी टीम प्रथम स्थान विजेता रही। बैडमिंटन और टेबल टेनिस प्रतियोगिता में महिला व पुरुष वर्ग में सिंगल और डबल मैच खेले गए जिसमें।



रस्साकसी में टीचिंग स्टाफ विजयी

खेलकूद

बरेली, मुख्य संवाददाता। रुहेलखंड यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत सोमवार को भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। रस्साकसी में टीचिंग स्टाफ विजयी हुआ, कबड्डी प्रतियोगिता में नॉन टीचिंग स्टाफ ने बाजी मारी।

वॉलीबॉल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी टीम प्रथम स्थान पर रही। बैडमिंटन महिला में टीचिंग स्टाफ प्रथम और नॉन टीचिंग स्टाफ द्वितीय स्थान पर रहा। बैडमिंटन पुरुष में नॉन टीचिंग स्टाफ ने प्रथम और टीचिंग स्टाफ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस मेन में नॉन टीचिंग स्टाफ ने प्रथम और टीचिंग स्टाफ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस वूमेन में टीचिंग स्टाफ ने प्रथम और नॉन टीचिंग स्टाफ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रो. एसएस बेदी, प्रो. संतोष अरोड़ा, प्रो. सुधीर वर्मा, प्रो. पीपी सिंह, प्रो. नलिनी श्रीवास्तव, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. विजय बहादुर, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. विजय सिन्हाल, प्रो. यतेंद्र कुमार, डॉ. विमल यादव, डॉ. रश्मि रंजन, डॉ. जेएन मौर्य, डॉ. अजय यादव, तपन कुमार, रामप्रीत आदि मौजूद रहे।

रस्साकसी में टीचिंग और कबड्डी में नॉन टीचिंग स्टाफ ने जीत हासिल की।



रस्साकशी में शिक्षकों ने मारी बाजी कबड्डी में कर्मचारी बने विजेता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत सोमवार को भी कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। रस्साकशी की प्रतियोगिता में शिक्षकों की टीम विजयी रही। वहीं कबड्डी में तृतीय श्रेणी कर्मचारी, वालीबॉल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, बैडमिंटन महिला में शिक्षक विजेता रहे।

बैडमिंटन पुरुष में कर्मचारी, टेबल टेनिस पुरुष में कर्मचारी, महिला में शिक्षक विजेता रहे। इस अवसर पर प्रो. एसएस बेदी, प्रो. संतोष अरोड़ा, प्रो. सुधीर वर्मा, प्रो. पीपी सिंह, प्रो. नलिनी श्रीवास्तव, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. विजय बहादुर, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. विजय सिन्हाल, प्रो. यतेंद्र कुमार, डॉ. विमल यादव, डॉ. रश्मि रंजन, प्रो. जेएन मौर्य, डॉ. अजय यादव, तपन कुमार, रामप्रीत आदि मौजूद रहे।

• रुहेलखंड विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह के तहत हुईं खेलकूद प्रतियोगिताएं

कबड्डी मैच में भिड़ते शिक्षक और कर्मचारी। • अमृत विचार



जागरण सिटी बरेली

रुवि में स्वर्ण जयंती समारोह में कबड्डी, वालीबाल, बैडमिंटन और टेबल टेनिस भी खेला गया

बैडमिंटन में टीचिंग स्टाफ प्रथम व नान टीचिंग रहा दूसरे स्थान पर

शहर से लेकर देहात तक सुनी 'परीक्ष

पूर्वाह्न 11 बजे से हुआ लाइव टेलीकास्ट, जेडी और डीआ



रस्साकसी में शिक्षक, कबड्डी में नॉन टीचिंग स्टाफ ने मारी बाजी

स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन कबड्डी मैच का हुआ आयोजन।

स्पोर्ट्स मीट के दूसरे दिन टीचिंग और नॉन टीचिंग टीम के बीच हुईं खेल प्रतियोगिताएं

बरेली। रुविवि के 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में चल रही स्पोर्ट्स मीट के दूसरे दिन कई खेल प्रतियोगिताएं हुईं। चार दिवसीय प्रतियोगिता में सोमवार को टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ के बीच रस्साकसी, कबड्डी, वॉलीबाल, बैडमिंटन और टेबल टेनिस प्रतियोगिताएं हुईं। दिन की प्रतियोगिताओं का आगाज कुलसचिव संजीव कुमार, सचिव क्रीड़ा परिषद एसएस बेदी, प्रो. आलोक श्रीवास्तव के बीच बैडमिंटन मैच से हुआ।

उसके बाद हुई रस्साकसी प्रतियोगिता में टीचिंग स्टाफ ने बाजी मारी। कबड्डी में नॉन टीचिंग स्टाफ विजयी रहा। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की प्रथम पर रही। बैडमिंटन और टेबल टेनिस में महिला व पुरुष वर्ग में एकल और युगल मैच खेले गए।

महिला वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता में टीचिंग स्टाफ को पहला और नॉन टीचिंग स्टाफ को दूसरा स्थान मिला। पुरुष वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता में नॉन टीचिंग स्टाफ ने प्रथम, टीचिंग स्टाफ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

पुरुष वर्ग टेबल टेनिस में नॉन टीचिंग स्टाफ को पहला, टीचिंग स्टाफ को दूसरा स्थान मिला। महिला वर्ग टेबल टेनिस में टीचिंग स्टाफ ने प्रथम और नॉन टीचिंग स्टाफ ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में प्रो. संतोष अरोरा, प्रो. सुधीर वर्मा, प्रो. पीपी सिंह, प्रो. नलिनी श्रीवास्तव, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. विजय बहादुर, डॉ. नीरज कुमार आदि उपस्थित रहे। संवाद

गढ़वाल के लिए यूबी एरिया